नया इंडिया
राजस्थान
भीलवाड़ा

मौसम
रपट/पूर्वानुमान

	न्यूनतम	अधिकतम	सार संक्षेप
11-अगस्त	24.0	32.0	आंशिक धूप से बादल छाए रहेंगे।
12-अगस्त	23.0	32.0	आंशिक धूप से बादल छाए रहेंगे।

समाचार: जिला, आसपास

जिनवाणी को जीवन मे उतारे : साध्वी आनन्दप्रभा

आसींद। जिस व्यक्ति मे संस्कार और विवेक है उसका जीवन सफल है, चातुर्मास काल मे ज्ञान, ध्यान, तप , जिनवाणी को जीवन मे उतार कर अपनी आत्मा का कल्याण करें। उक्त विचार महासती जयमाला की सुशिष्या साध्वी आनंद प्रभा ने महावीर भवन में आयोजित धर्मसभा मे व्यक्त किये। साध्वी ने कहा कि बच्चों को खानदान क्या होता है इसकी जानकारी बतावें। बच्चे अगर संस्कारित होंगे तो अपने परिवार व समाज का नाम रोशन करेंगे। साध्वी चंदनबाला ने कहा कि जीवन मे जितना माता पिता का महत्व है उतना ही महत्व गुरु का है। जड़ - चेतन भी हमे प्रेरणा देते है। व्यक्ति में अधूरा ज्ञान हमेशा छलकता है पूरा ज्ञान कभी छलकता नही है। वस्त्र से आदमी की पहचान नही होती है, कर्मो से आदमी को पहचाना जाता है। जल के अंदर भी देवता निवास करते है। साध्वी ने कहा कि जो व्यक्ति परिवार का भला नही कर सकता वह समाज का क्या भला करेगा। महावीर भोजनशाला निर्माण में श्रीमती कमला देवी सुराणा के पुत्र रतनलाल, महावीर कुमार, प्रकाश चन्द सुराणा द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर श्री संघ द्वारा सम्मान किया गया।

साफ एवं स्वच्छ भोजन के लिए किया प्रेरित

भीलवाड़ा। कट्स मानव विकास केन्द्र द्वारा सामान्य उपभोक्ताओं मे सही, स्वास्थ्य वर्धक व सुरक्षित भोजन के अभ्यास हेतु मांडलगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिट्ठलपुरा में ग्राम स्तरीय जागरुकता बैठक की गयी जिसमें कट्स के कार्यक्रम सहायक गौरव चतुर्वेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सही, स्वास्थ्य वर्धक व सुरक्षित भोजन के अभ्यास हेतु समुदाय को जागरूक करना है। प्रतिभा जैन, कट्स कार्ट ने महिलाओं को बताया कि साफ व स्वस्थ्य भोजन का ग्रहण करने से कई बीमारियों जैसे, डायरिया, कुपोषण, शरीर में पानी की कमी से बचा जा सकता है।

केमिकल चोर गैंग का पर्दाफाश

3 गिरफ्तार, 2600 किलो केमिकल बरामद, पुर थाना पुलिस ने की कार्यवाही।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

पुर थाना पुलिस ने उदयपुर की एक कंपनी की शिकायत पर टैकरों से केमिकल चुराकर बैचने वाली गैंग का राजफाश करते हुये एक चालक व खलासी व केमिकल खरीददार को गिरफ्तार कर 2600 किलो केमिकल बरामद किया है। पुर थाना प्रभारी मुकेश वर्मा ने बताया की 7 अगस्त को इण्डियन फोस्पेट लिमिटेड युनिट 2 उमरडा उदयपुर के सुपरवाईजर धारा सिंह पिता भागचन्द गुर्जर ने थाने पर लिखित रिपोर्ट पेश कर बताया की 6 अगस्त को कम्पनी के टैंकर आरजे 27 जीए 7908 मे केमिकल भराकर ड्राईवर विजय सिंह राणावत पिता मानसिंह राणावत निवासी मोतीखेड़ा थाना डबोक जिला उदयपुर एवं खलासी दिनेश पिता कन्हैया लाल दरंगा निवासी गरणवास थाना पलासिया उदयपुर के साथ उत्तर प्रदेश के लिए रवाना किया ।

भीलवाडा बाईपास हजारी खेडा पुजा डम्पर बॉडी रिपेयर पर कम्पनी के टैंकर मे से ड्राईवर विजय सिंह ने करीब 10 ड्रम लगभग 2600 किलो ग्राम केमिकल चोरी करके बेच दिया। इस पर मुकदमा न. 151/21 धारा 407, 411 आईपीसी मे दर्ज कर जाकर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। जांच में दोषी पाए जाने पर पुलिस ने ड्राईवर विजय सिंह राणावत पिता मानसिंह राणावत निवासी मोतीखेड़ा थाना डबोक जिला उदयपुर एवं खलासी दिनेश पिता कन्हैया लाल दरंगा निवासी गरणवास थाना पलासिया उदयपुर और केमिकल खरीददार नरेन्द्र सिंह पिता शिव सिंह सिसोदिया निवासी भटेवर थाना रायपुर को गिरफ्तार कर केमिकल भरे हुए 10 ड्रम कुल 2600 किलो ग्राम बरामद किए गए। इस मामले का राजफाश करने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जोधा के निर्देशन व सीओ सदर रामचन्द्र के सुपरविजन में टीम का गठन किया गया। इस टीम में पुर थाना प्रभारी मुकेश कुमार वर्मा, कैलाश चन्द एएसआई, ओमप्रकाश एएसआई , शेर सिंह कांस्टेबल, विजय कुमार कांस्टेबल, नारायण लाल कांस्टेबल, हेमन्त कुमार कांस्टेबल, दिनेश कुमार कांस्टेबल को शामिल किया गया।

समाज सेवा एवं कोविड महामारी में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का होगा सम्मान

स्वाधीनता दिवस समारोह तैयारी बैठक आयोजित।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

जिला कलक्टर शिवप्रसाद एम. नकाते की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में स्वाधीनता दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई । जिला कलक्टर ने कहा कि आगामी स्वाधीनता दिवस समारोह के दौरान जिले में समाज सेवा व कोविड महामारी में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को जिला प्रशासन की तरफ से पुरस्कार के साथ वन विभाग द्वारा चलायी जा रही 'घर-घर औषधि योजना' के तहत औषधीय पौधों का वितरण किया जाए । नकाते ने परिवहन व चिकित्सा एवं वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन में कोरोना बचाव का संदेश देने व जागरूक करने वाली प्रदर्शनी या झांकी बनायी जाए । उन्होंने कहा कि स्वाधीनता दिवस समारोह कार्यक्रम सरकार द्वारा जारी कोविड गाइडलाइन की पालनानुसार एवं गरिमामय आयोजित हो । बैठक में उन्होंने यूआईटी व नगर परिषद के अधिकारियों को मुख्य समारोह स्थल पर पीने के पानी एवं बारिश से बचाव हेतु आवश्यक व्यवस्था करने व मुख्य समारोह स्थल की अन्य समुचित व्यवस्थाए करने के निर्देश दिए, साथ ही मेडिकल विभाग के अधिकारियों को कहा कि मुख्य समारोह स्थल पर सैनेटाइजर, मास्क थर्मलगन आदि की व्यवस्था की जाए । बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) चंदना खोरवाल सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का कारावास

भीलवाड़ा । नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने के एक मामले में मंगलवार को टोंक जिले के पुष्पेन्द्र शर्मा को 20 साल की सजा और 20 हजार रुपए के जुर्माने से दण्डित किया गया। फैसला विशिष्ट न्यायाधीश (पोक्सो-1) बन्नालाल जाट ने सुनाया। विशिष्ट लोक अभियोजक हर्ष रांका ने बताया कि एक युवक ने 18 सितम्बर 2019 को प्रतापनगर थाने में एक रिपोर्ट पेश की कि सकी नाबालिग बहन भामाशाह कार्ड और अन्य दस्तावेज तैयार कराने की कहकर घर से निकली जो लौटकर नही आई। उसकी काफी तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। परिवादी ने पुष्पेन्द्र शर्मा पर अपहरण का शक जाहिर किया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की।

फटाफट

घटने लगा बांधों का जल स्तर, बढ़ती उमस से आमजन परेशान

भीलवाड़ा। कुछ दिनों से मंद पड़ी बारिश के कारण जिले के अधिकतर जलाशयों मे जल स्तर घटने लगा है। ऐसे में बारिश की दरकार है, पर उम्मीद के अनुरूप बारिश हो नहीं हो रही। भीलवाड़ा शहर में भी बरसात नहीं होने के कारण वातावरण में उमस बढ़ गई है। इस वजह से लोगों का हाल बेहाल होने लगा है। जल संसाधन विभाग स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष के अनुसार मंगलवार सुबह 8 बजे तक समाप्त हुए 24 घंटों में गुलाबपुरा में 11, आसींद 31, हुरड़ा सात, मांडलगढ़ 2 तथा शंभुगढ़ में 18 मिमी बरसात हुई। इसके अलावा सभी स्थानों पर सूखा ही रहा। आगूचा बांध पर दो, खारी बांध पर 25, सरेरी बांध पर तीन मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। अब तक भीलवाड़ा जिले में 333.62 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि औसत 629.62 मिमी है। बांधों में भी 23.66 प्रतिशत पानी आ गया है।

हरणी पहाड़ी पर स्काउट गाइड ने मनाया जाजू का जन्मदिन

भीलवाड़ा। स्काउट गाइड संगठन के डिस्ट्रिक्ट चीफ कमिश्नर एवं पर्यावरण प्रेमी बाबूलाल जाजू का जन्म दिवस स्काउट परिवार ने हरणी की पहाड़ी पर मनाया। जिला सचिव नारायण लाल जागेटिया के नेतृत्व में स्काउट गाइड संगठन द्वारा उन्हें साफा,शॉल व मोतियों की माला एवं स्कार्फ पहनाकर जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी।जाजू द्वारा इस अवसर पर हरणी की पहाड़ियों में स्काउट गाइड परिवार के साथ बरगद का पौधा भी लगाया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, सहायक सचिव वीरेन्द्र शर्मा, स्थानीय संघ सचिव एवं सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट प्रेमशंकर जोशी, गाइडर मंजू छीपा ,पुष्प लता जोशी, रोवर पवन बावरी स्काउट विशाल प्रजापत ,कुश कुमार साहू ,चेतन मेवाड़ा ,उमेश मेघवंशी, व अन्य परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

सीसीटीवी में कैद हुए महिला से लूटपाट करने वाले लुटेरे

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

मांडलगढ़ क्षेत्र में महिला के साथ हुई लूट के मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज हाथ लग गए है। तीनों लुटेरे सलावटिया से महिला के पीछे लगे थे। पुलिस अब आरोपियों की पहचान के प्रयास कर रही है। मांडलगढ़ पुलिस ने बताया कि मध्यप्रदेश के सिंगोली कस्बे की मीरां पत्नी चंद्रप्रकाश सोनी अपने बेटे श्रेयांस और बेटी श्रेष्ठा के साथ शनिवार को स्कूटी पर सिंगोली से अपने पीहर मानपुरा जा रही थी। ये तीनों मां-बेटे और बेटी त्रिवेणी-जहाजपुर रोड़ पर बीड़ का खेड़ा के पास पहुंचे थे कि तभी पीछे से एक बाइक पर तीन लुटेरे आये। तीनों नकाबपोश और होंडा साइन बाइक पर सवार थे। इन लोगों ने अपनी बाइक स्कूटी के आगे लगा दी। जैसे ही स्कूटी रुकी। तीनों ने पिस्टल दिखाकर मां-बेटे और बेटी को धमकाकर डेढ़ तोला वजनी सोने की चेन, एक हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया। वारदात के बाद बदमाश उसी रास्ते पर भाग निकले, जिससे वे वारदातस्थल तक पहुंचे थे। इस बीच, पुलिस को लूटा हुआ मोबाइल पुलिस को रोड के सहारे मिल गया।

पुलिस ने वारदातस्थल से सलावटिया तक सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, इसमें होड़ा व आरोली टोल नाके के फुटेज में तीनों आरोपी कैद मिले। तीनों काले रंग की साइन बाइक पर थे। इनमें से सबसे पीछे बैठे व्यक्ति के पास पिस्टल थी। चालक पैरों में साधारण चप्पल पहने हुये थे। महिला से इस बारे में जानकारी जुटाई तो उसने बताया कि वे, दोपहर करीब दो बजे सिंगोली से रवाना हुये। कास्या होकर सलावटिया पहुंचे, जहां चाय-नाश्ता करने के बाद वे मानपुरा के लिए रवाना हो गये। स्कूटी पर पीछे मीरां और बीच में श्रेष्ठा बैठी थी। श्रेयांस स्कूटी चला रहा था। पीछे बैठी महिला को सलावटिया से रवाना होते ही पीछे बाइक पर तीन नकाबपोश आते दिखाई दिये। महिला ने इन बदमाशों को देखा, लेकिन उसे यह आभास नहीं था कि ये लुटेरे होंगे। वह, इन्हें मनचला मानकर नजर अंदाज कर गई। इसके बाद ये लगातार उनके पीछे लगे रहे। महिला ने त्रिवेणी चौराहे से फल खरीदें। इसके बाद ये तीनों मां-बेटे और बेटी रवाना हो गये। इसके बाद भी बदमाश कुछ दूरी बनाकर इनके पीछे चल रहे थे। मौका मिलते ही इन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दे डाला और फरार हो गये।

रतलाम के लिए 12 से चलेगी ट्रेन

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा-इंदौर, इंदौर- रतलाम रेलमंडल से 16 पैसेंजर ट्रेनों का संचालन शुरु करेगा। ये ट्रेनें अनारक्षित रूप में चलाई जाएंगी। कोरोना की दूसरी लहर के बाद रेलवे पहली बार इन ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू कर रहा है। ये ट्रेनें शुरू होने से यात्रियों को लाभ मिलेगा। क्योंकि, मौजूदा समय में एक्सप्रेस ट्रेनों मे सफर करने के लिये यात्रियों को ज्यादा किराया देना पड़ रहा है।

सुर्खियां

राष्ट्रीय स्तर पर लाभदायकता में बीआरकेजीबी ने हासिल किया दूसरा स्थान

भीलवाड़ा। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष आर सी गग्गड़ ने सोमवार को भीलवाड़ा का दौरा किया। बैंक के भीलवाड़ा जिले के शाखा प्रबंधकों को समारोह मे संबोधित करते हुए कहा कि 310 करोड़ रुपए के शुद्ध लाभ के साथ बैंक राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान पर रहा है। बैंक की शाखाओं द्वारा समस्त बैंकिंग सुविधायें उत्कृष्ट ग्राहक सेवाओं के साथ उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

बैंक द्वारा नवीनतम तकनीक के साथ डिजिटल बैंकिंग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। बैंक ने भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना 'प्रधानमंत्री, जीवन ज्योति बीमा योजना', 'प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना' एवं अटल पेंशन योजनाओं में भी उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया गया है। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विक्रम व्यास ने भीलवाडा क्षेत्र की प्रगति की जानकारी दी।

हलचल : मेवाड़

किसानों के विकास के लिए टीम बनाकर करेंगे सार्थक प्रयास

भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली ने बताया कि सबको साथ लेकर किसानों के विकास के लिए सार्थक प्रयास किये जायेंगे और कोंग्रेस सरकार की अत्याचारी व तानाशाही नीतियों का विरोध किया जाएगा।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र

भाजपा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र गुर्जर, भाजपा किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य व किसान मोर्चा जिला प्रभारी राकेश नायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ में भाजपा कार्यालय पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक लेते हुए मोर्चा से सम्बंधित आगामी रूपरेखा तैयार की व पौधरोपण कर पौधारोपण करने का संकल्प लिया। बैठक में लादू लाल तेली ने बताया कि सबको साथ लेकर भाजपा की त्याग और सेवा से परिपूर्ण विचारधारा के साथ कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर किसानों के विकास के लिए सार्थक प्रयास किये जायेंगे और कोंग्रेस सरकार की अत्याचारी व तानाशाही नीतियों का विरोध किया जाएगा। तेजेंद्र गुर्जर ने कहा कि पार्टी का पहला लक्ष्य राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं की टीम बनाकर प्रत्येक नागरिक व किसान की राष्ट्रनिर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करना है। राकेश नायक मोर्चा समन्वयक राकेश नायक ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर केंद्र सरकार की कृषक हितैषी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने और देशहित में सदैव संघर्षरत रहने का आव्हान किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि इस अवसर पर युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवांगी कानावत,ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री अभिषेक सिंह,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा,कमल गुर्जर,दिनेश शर्मा,परमेसन्त तुसिया,मनु प्रताप,गोरधन सिंह कटार, बाबू लाल टांक,उदय लाल गाडरी,दिलीप राजपुरोहत,राजेन्द्र सिंह, भवँर नाथ, गजेंद्र गहलोत,पारस वैष्णव,मेवाराम गुर्जर,ललित आमेटा, प्रताप सिंह रावत,भँवर लुहार,सतपाल लक्षकार,लोकेश गाडरी आदि उपस्थित रहे।

रीको द्वारा औद्योगिक भूखण्डों की ई-नीलामी प्रारम्भ

भीलवाड़ा। रीको द्वारा भीलवाडा व चित्तौडगढ जिले में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक भूखण्डों की ई-नीलामी की जा रही है। रीको के वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक पी.आर.मीणा ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र बिजौलिया में 7, औद्योगिक क्षेत्र ग्रोथ सेन्टर हमीरगढ में 24, औद्योगिक क्षेत्र करणपुरा (माण्डलगढ) में 21, औद्योगिक क्षेत्र रायला में 6, औद्योगिक क्षेत्र जहाजपुर में 1 एवं औद्योगिक क्षेत्र कपासन में 1 औद्योगिक भूखण्ड ई-नीलामी के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया की औद्योगिक भूखण्डो की ई-नीलामी के लिए बोलीदाता 10 से 24 अगस्त सायं 6 बजे तक ऑनलाइन बिडिंग प्रक्रिया मे अमानत राशि जमा कराकर भाग ले सकते हैं। आनलाईन बिडिंग 25 से 27 सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है। नीलामी की विस्तृत जानकारी रीको की वेबसाइट पर लॉग इन कर प्राप्त की जा सकती है।

सारस्वत बने जिलाध्यक्ष

भीलवाड़ा। प.दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय युवा मंच के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप काबरा ने पटेल नगर निवासी रामानुज सारस्वत को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। काबरा ने सारस्वत को शीघ्र ही अपनी कार्यकारिणी घोषित करने के निर्देश दिए हैं।

जिला कलेक्टर ने पटेलनगर विस्तार में किया पौधारोपण

भीलवाड़ा। पटेल नगर विस्तार वासियों ने अपनी कॉलोनी में पौधारोपण किया। इस दौरान गांधी वाटिका का उद्घाटन करने आए जिला कलेक्टर शिव प्रकाश एम नकाते, यूआईटी सेक्रेटरी व अन्य जिला प्रशासनिक अधिकारी व पूर्व यूआईटी चेयरमैन अक्षय त्रिपाठी, पर्यावरणविद बाबूलाल जाजू, उद्योगपति पर्यावरण प्रेमी प्रकाश चंद्र छावड़ा की मौजूदगी में 151 पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर डॉक्टर किशन जीनगर, एडवोकेट इमरान कायमखानी, एडवोकेट मोहनलाल, दिनेश , मुरली शर्मा, कुलदीप आर्य ,ऋषभ माथुर, विजय भारद्वाज शुक्ला, स्मिता शुक्ला, डी एस शेखावत, प्रमोद सोनी, शिवराज सिंह मीणा साथ ही बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। भानु , देव, फराज, अलीना ,अस्मि, ताशी ने पहली बार पौधारोपण किया। पहली बार कॉलोनी वासियों ने पेड़ और पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाने की जगह कॉलोनी वासियों द्वारा एकत्रित की गई राशि से फेंसिंग करवा बड़े फाटक लगवाए है।

टायटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय :- ए-902 ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज-III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन नंबर 011- 71239900 | फैक्स नंबर +91-11-47619811 | ईमेल: hrd@titanbiotechltd.com | www.titanbiotechltd.com

30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए अनअंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों का विवरण
(रु. लाख मे) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	स्टैन्डलोन			
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष
		30.06.2021	31.03.2021	30.06.2020	31.03.2021
		अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	3,294.60	2,961.36	3,511.02	12,311.93
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर, असाधारण और असाधारण वस्तुओं से पहले)	1,036.30	523.52	1,620.43	3,908.59
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	1,036.30	482.07	1,629.43	3,876.15
4	टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	743.98	338.12	1,219.34	2,877.27
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(नुकसान) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 2 देखें)	743.98	344.16	1,219.34	2,883.31
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37
7	पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व	-	-	-	5,755.64
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)				
	(ए) बेसिक	9.00	4.09	14.76	34.82
	(बी) डायल्यूटिड	9.00	4.09	14.76	34.82

30 जून, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए अनअंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का विवरण
(रु. लाख मे) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	कंसोलीडेटेड			
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष
		30.06.2021	31.03.2021	30.06.2020	31.03.2021
		अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4,158.32	3,581.82	3,965.22	14,302.56
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर, असाधारण और असाधारण वस्तुओं से पहले)	1,359.16	619.70	1,758.40	4,303.00
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	1,359.16	578.26	1,767.40	4,270.56
4	टैक्स के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण वस्तुओं के बाद)	985.58	408.75	1,322.13	3,170.53
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(नुकसान) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (टैक्स के बाद) (नोट 2 देखें)	985.58	413.96	1,322.13	3,175.74
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37
7	पिछले लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार रिवैल्यूएशन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व			-	6,049.45
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)				
	(ए) बेसिक	10.56	4.55	15.42	36.71
	(बी) डायल्यूटिड	10.56	4.55	15.42	36.71

नोट्स:
1. उपरोक्त 30.06.2021 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत [illegible] का एक अंश है। सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड के साथ दायर किया गया है। 30.06.2021 को समाप्त उक्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर उपलब्ध है।
2. 30.06.2021 को समाप्त हुए तिमाही के लिए उक्त घोषित अनअंकेक्षित स्टैंडलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 10 अगस्त, 2021 को आयोजित बैठक में रिकॉर्ड किया गया है। उपरोक्त परिणामों का ऑडिट कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है, सेबी के विनियमन 33 (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) 2015 के संदर्भ में [illegible]
3. कंपनी ने कराधान कानून (संशोधन) अध्यादेश 2019 द्वारा पेश आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना है। तदनुसार, कंपनी ने 30 जून 2021 को समाप्त तिमाही के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुभाग में निर्धारित दर के आधार पर अलग-अलग कर संतुलन को समायोजित कर दिया है।
4. कंपनी अपने व्यवसाय के सभी पहलुओं पर COVID-19 महामारी के प्रभाव की बारीकी से निगरानी करना जारी रखती है, [illegible]
5. **30.06.2021 को समाप्त तिमाही के लिए कुल बिक्री 607.98 लाख रुपये के उत्पादों की बिक्री शामिल है जिसकी मांग कोविड 19 महामारी के कारण उत्पन्न हुई।**
6. स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों ("Ind AS") ("आम तौर पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत") के अनुसार तैयार किए गए हैं ।
7. वर्ष के दौरान कंपनी ने रु. 1.00 लाख का कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) व्यय की ओर भुगतान किया।

कृते और निदेशक मंडल की ओर से
कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड

हस्ता/-
नरेश कुमार सिंगला
प्रबंध निदेशक
DIN-00027448

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 10/08/2021